कोड-ए-थान ओलंपियाड

चर्चा में क्यों?

19 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों के छात्रों को कोडिंग के प्रति उत्साहित करने के लिये छत्तीसगढ़ शासन, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मिलकर कोडिंग ओलंपियाड का आयोजन कर रहा है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बताया कि तकनीक के महत्त्व और भविष्य में इसकी अनिवार्य आवश्यकता को देखते हुए छोटी कक्षाओं से ही छात्र कोडिंग के प्रति आकर्षित और इसमें महारत हासिल करते रहे हैं। कोडिंग को भविष्य की भाषा भी कहा जाता है।
- उन्होंने बताया कि इस ओलंपियाड को भारत के बड़े कोडिंग ओलंपियाड्स में से एक माना जाता है। गेटिंग फ्यूचर रेडी की थीम पर कोडिंग ओलंपियाड में स्कूली छात्रों को सीखने (लर्न), शामिल होने (पार्टिसिपेट) और जीतने (विन) के मंत्र के साथ सरकारी स्कूलों के 5000 छात्रों को कोडिंग सिखाया जा रहा है।
- इस कोडिंग ओलंपियाड में शामिल होने वाले छात्रों के लिये रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 5 फरवरी 2023 है। ओलंपियाड में हिस्सा लेने के लिये छात्र **htcodeathon.com** वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।
- 23 फरवरी को छात्रों का क्वालिफायर राउंड और 23 फरवरी को ही छात्रों का फिनाले आयोजित होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/code-a-thon-olympiad